संक्षिप्त

महिला के गले से चेन छीनी

उदयपुर,(कासं)। शहर के भूपालपुरा थानाक्षेत्र सुभाषनगर में बाइक सवार दो बदमाश मोपेड़ सवार महिला के गले पर झपट्टा मार कर चेन छीन ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता पाठों की मगरी निवासी मेनादेवी जैन (57) शनिवार को स्कूटी पर कबूतरों को मक्की डाल कर दर्शन करने बीच रास्ते स्थित महादेव मंदिर की तरफ जा रही थी। इस दौरान पीछे से आए बाइक नकाबपोश दो बदमाश झपट्टा मार कर मेना के गले से सोने की चेन छीन कर सेवाश्रम की तरफ फरार हो गए। इस दौरन लॉकेट मौके पर ही गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर भुपालपुरा थानाधिकारी राजेश बाफना मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां पीड़िता से की गई पूछताछ एवं मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की। झपट्टा मारने के दौरान लॉकेट मौके पर ही गिर पड़ा था। जहां पर घटना की कवरेज करने गई महिला पत्रकार की नजर पड़ने पर उसने लॉकेट उठा कर पीड़िता को सौप कर ईमानदारी का परिचय दिया।

मकान के बाहर से बोलेरो चोरी

उदयपुर,(कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र में अज्ञात चोर मकान के बाहर से वाहन चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोसिंग गोगुन्दा हॉल अम्बामाता थाना क्षैत्र प्रेमनगर कॉलोनी साई मंदिर के पास बड़गांव निवसी लोकेश पुत्र बाबूलाल श्रीमाली ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 19 नवंबर रात में मकान के बाहर बोलेरो गाड़ी खड़ी की जो दूसरे दिन मौके से गायब थी। इस पर उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इसी तरह सुखेर थाना पुलिस ने पैसिफिक मेडिकल कॉलेज के ललित राज पुत्र बद्रीसिंह राजपुरोहित ने अज्ञात चोर के खिलाफ पार्किंग से गत दिनों बाइक चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

कार की टक्कर से किशोर की मौत

उदयपुर,(कासं)। गोगुन्दा थाना क्षैत्र में कार ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे मे किशोर की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकरी के अनुसार शुक्रवार को जसवन्तगढ़ रोड़ पर कार ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में जसवंतगढ़ निवासी बाइक सवार निखिल (16) पुत्र जगदीश वैष्णव की मौत हो गई। निखिल अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक पर जसवंतगढ़ रोड़ पर पेट्रोल भरवाने के लिए जा रहा था। जहां बीच रास्ते सामने से पालनपुर से उदयपुर की तरफ जा रही कार ने बाइक को चपेट में ले लिया था। हादसे की सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल प्रकाशनाथ मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप कर मौके से कार जब्त कर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

स्थाई वारंटी गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने पांच वर्ष से फरार वाण्टेड स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान हिरणमगरी थानाधिकारी डॉ.हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल बाबूलाल, हिम्मतसिंह, सविना पुलिस थाने के कांस्टेबल प्रेमलाल, भारमल मय टीम ने मुखबीर एवं तनकीक अनुसंधान में मिली सूचना के आधार पर स्थाई वारंटी विजयसिंह पथिक नगर सेक्टर 9 सविना निवासी करणसिंह उर्फ कालु पुत्र शम्भुसिंह तथा वारंटी बप्पा रावल नगर सेक्टर 6 निवासी देवेन्द्रसिंह पुत्र चतरसिंह का अन्य तरीके से निस्तारण किया। वारंटी को पकड़ने में कांस्टेबल भारमल की विशेष भूमिका रही।

एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त

उदयपुर,(कासं)। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार जिले में पंचायत आम चुनाव 2020 के तहत प्रथम चरण में जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्यों के निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक मतदान हेतु कानून व शांति व्यवस्था के लिए संबंधित पंचायत समिति क्षेत्रों में एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गये है। इस आदेश के तहत सायरा पंचायत समिति के लिए खान विभाग के अतिरिक्त निदेशक हर्षसावन सुखा, फलासिया के लिए टीएडी के अतिरिक्त आयुक्त वी.सी.गर्ग, कोटड़ा के लिए आबकारी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त सी.आर.देवासी, झाड़ोल के लिए आबकारी जोन की अतिरिक्त आयुक्त सुश्री रोनक वैरागी तथा गोगुन्दा के लिए यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी वार सिंह को एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त गया।

सेवा साधना के मंगल मार्ग से पीड़ितों से सम्पर्क एवं आत्मीय सम्बन्ध बने : निम्बाराम

- दीपावली स्नेह मिलन व चिकित्सक सेवा सम्मान कार्यक्रम आयोजित
- 'कोरोना महामारी की चपेट में आए बंधुओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उचित प्रयास करने पर भी बल दिया'

उदयपुर,(कासं)। "25 मार्च से देश भर में लोकडाउन होने के बाद रेल, हवाई यात्रा, परिवहन सेवा, मन्दिर, बाजार, स्कूल, फैक्ट्रियों पर ताला बंदी की गई। इस विभीषिका से मजदूरों, व्यापारियों, कल कारखाने सहित सरकारी आय पर भी संकट आ खड़ा हुआ। सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी वर्ग के लोगों को हुई, उनके सामने रोजी रोटी का संकट आ खड़ा हुआ। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती व अन्य संगठनों ने आपसी समन्वय कर कोरोना राहत सामग्री अभियान चलाया। इसके चलते इस वर्ग को राहत मिली।"

उक्त विचार मुख्य वक्ता निम्बाराम, क्षेत्र प्रचारक रा. स्व. संघ राजस्थान ने सेवा भारती चिकित्सालय उदयपुर में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन व चिकित्सक सेवा सम्मान कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सेवा साधना के इस मंगल मार्ग से पीड़ितों से सम्पर्क एवं आत्मीय सम्बन्ध बने। इस महामारी की चपेट में आए बंधुओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उचित प्रयास करने पर भी बल दिया।

ऊदयपुर में सेवा भारती चिकित्सालय उदयपुर द्वारा प्रकाशित व यशवन्त पालीवाल द्वारा संपादित कुशल संगठक बालासाहब देवरस पुस्तक का विमोचन भी किया।

अतिथियों ने सेवा भारती चिकित्सालय उदयपुर द्वारा प्रकाशित व यशवन्त पालीवाल द्वारा संपादित कुशल संगठक बालासाहब देवरस पुस्तक का विमोचन भी किया, इसी के साथ पाथेय कण के सेवा विशेषांक का विमोचन प्रांत प्रमुख महिपाल सिंह ने अतिथियों द्वारा कराया। इस अवसर पर उन्होंने 24 चिकित्सकों का सेवा सम्मान भी किया, साथ ही शब्बीर मुस्तफा, नानालाल वया, पारस सिंघवी, पुष्कर दास महाराज, इंद्रदेव दास महाराज का भी अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में गोविन्द सिंह टाक, हेमेंद्र श्रीमाली, किसान संघ के संगठन मंत्री परमानंद, पूर्व कुलपति उमाशंकर शर्मा, परमेंद्र दशोरा, कैलाश सोडाणी, ताराचंद जैन, अनुराग सक्सेना, अलका मूंदड़ा, रजनी डांगी, विधायक फूलसिंह मीणा, सांसद अर्जुन मीणा, रोशनलाल जैन, नारायण गमेती, सहित हॉस्पिटल समिति व डॉक्टर्स तथा अन्य संगठनों के 85 पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

नगरीय विकास कर एवं गृहकर में राज्य सरकार ने छूट दी

उदयपुर,(कासं)। नगर निगम द्वारा लिए जाने वाले गृहकर एवं नगरीय विकास कर में राज्य सरकार द्वारा छूट प्रदान की जा रही है। जिसका लाभ शहरवासी ले सकते हैं।

नगर निगम राजस्व समिति अध्यक्ष अरविंद जारोली ने बताया कि दिनांक 20 नवंबर को स्वायत शासन विभाग राजस्थान सरकार जयपुर द्वारा अधिसूचना जारी की गई है जिसमें राजस्थान नगरपालिका अधिनियम के अंतर्गत ग्रह कर एवं नगरीय विकास कर एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं पेनल्टी में माफी का प्रावधान रखा गया है। ऐसे शहरवासी जिन्होंने अपना गृहकर अथवा नगरीय विकास कर अभी तक जमा नहीं करवाया है उन्हें संपूर्ण बकाया गृह कर आवासीय अथवा व्यवसायिक भूखंड दोनों का एकमुश्त जमा करने पर मूल गृहकर की राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं शास्ती पर शत प्रतिशत छूट सरकार द्वारा प्रदान की गई है। वही नगरी विकास कर के अंतर्गत वर्ष 2019 तक एकमुश्त नगरीय विकास कर की राशि जमा कराने पर लगाए गए ब्याज व शास्ती पर शत प्रतिशत छूट दी गई है। जिन प्रकरणों में 8 वर्ष से पूर्व अर्थात वर्ष 2011- 12 से पूर्व का नगरीय विकास कर बकाया है उन प्रकरणों में भी एक मुश्त राशि जमा कराने पर छूट प्रदान की गई है।

भारत की संस्कृति और विरासत अद्वितीय, धरोहर की सुरक्षा के लिए हो जनभागीदारी : प्रो. सारंगदेवोत

- स्मारकों को अपने नजरिये से देखना चाहिए : नेगी

उदयपुर,(कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डिम्ड टू बी विवि क संघटक साहित्य संस्थान एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जोधपुर मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में 'राजस्थान के विश्वधरोहर स्थल' विषय पर शनिवार को एक दिवसीय ऑनलाईन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलप्रति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि धरोहर के संरक्षण के लिए विद्यापीठ 1941 से प्रयासरत है, विद्यापीठ का साहित्य संस्थान इस कार्य में अपनी महत्ती भूमिका निभा रहा है। उन्होने कहा कि देश की 38 विरासतों को विश्व धरोहर का दर्जा दिया गया है जबकि देश में अनेक ऐसी विरासत है जिन्हे भी विश्व धरोहर का दर्जा दिया जाना चाहिए। धरोहर संरक्षण के नियमानुसार वर्ष में एक धरोहर को ही इसमें दर्ज कराया जा सकता है। धरोहरण के संरक्षण में केन्द्र व राज्य व स्थानीय निकाय ने भी पहल की है और केन्द्र ने देश के कई राज्यों में स्मार्ट शहर के अन्तर्गत धरोहरों को संरक्षित करने का कार्य भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विरासत ही है जो आज भी इसकी पहचान बनी हुई है। आज सरकार वाटर हारवेस्टिग की बाते कर रही है लेकिन हमारे पूर्वजो ने जल संरक्षण की जो योजना उस समय बनाई थी वो आज भी हमारी धरोहर के रूप में विद्यमान है। उदयपुर बेसिन में तेरह बेसिन थे वर्तमान में जंगलों के उजडने से अब मात्र चार बचे है। इसी कारण शहर का तापमान तेजी से बढ रहा है। हमारे पहाडो का पानी एक झील को भरता हुआ दूसरी झीलों में जाता है जिससे जल का संरक्षण होता है। जल संरक्षण में मेवाड ने विश्व को संदेश दिया है।

उदयपुर के विद्यापीठ में 'राजस्थान के विश्व धरोहर स्थल' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को कुलप्रति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने ऑनलाईन संबोधित किया।

मुख्य अतिथि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण नई दिल्ली के संयुक्त महानिदेशक जाह्नवीज ने बताया पूरे विश्व में 1127 विश्व धरोहर के स्थल है जिसमें से लगभग 50 प्रतिशत यूरोप मे ही है क्योकि राजनीतिक प्रभाव के कारण उन्हे यह स्थान प्राप्त है परन्तु विश्व में 22 ऐसे देश है जहा एक भी विश्व धरोहर स्थल नही है भारत में 38 धरोहर स्थल है जो विश्व में छठा स्थान है जबकि 6 धरोहर राजस्थान में ही है। विशिष्ठ अतिथि सिटी पैलेस जयपुर की निदेशक डॉ. रीमा हूजा ने जयपुर ने बताया कि गुलाबी रंग, गेहूवा व सफेद रंग को मिला कर बनाया जाता है। जयपुर शहर को व्यवस्थित रूप से बसाने में 6 वर्ष का समय लगा जो 1727 में प्रारंभ हुआ और अभी यह 292 वर्ष पूर्ण कर चुका है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जोधपुर मंडल के प्रभारी विपिन चंद्र नेगी ने कहा कि स्मारकों को अपने नजरिये से देखना चाहिए, स्मारको से बात करने की कोशिश करनी चाहिए वह स्वयं अपनी जानकारी देते हैं राजपूना एवं सिंध के मध्य एक सामरिक वैभव के इतिहास को दर्शाता है। प्रारम्भ में निदेशक प्रो. जीवनसिंह खरकवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान द्वारा धरोहर के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। संचालन डॉ. कृष्णपालसिंह, डॉ. महेश आमेटा ने किया जबकि आभार डॉ. कुल शेखर ने दी। संगोष्ठी में देश भर के इतिहासविद्दो में डॉ. के .एस. गुप्ता, डॉ. गिरिशिनाथ माथुर, नई दिल्ली से गोपेश भटट्, पूर्व कुलपति प्रो. बी.पी. भटनागर ने अपनी विचार व्यक्त किए। तकनीकी संयोजन डॉ. चन्द्रेश छतलानी ने किया।

एमएलएसयू और जीजीटीयू के बीच एमओयू

उदयपुर,(कासं)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू) एवं गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय (जीजीटीयू) बांसवाड़ा के बीच शिक्षण, शोध एवं छात्र कल्याण से संबंधित गतिविधियों के समन्वित प्रयास के लिए शनिवार को एक एमओयू किया गया। दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह एवं प्रो. आईवी त्रिवेदी ने बांसवाड़ा में इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

सुखाड़िया विवि. के प्रवक्ता डॉ कुंजन आचार्य ने बताया कि कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंशा व्यक्त की थी कि गोविंद गुरु जनजातीय विवि. के विकास के लिए सुखाड़िया विवि. हमेशा तत्पर एवं सहयोग की भूमिका में रहेगा। इसी मंशा के अनुरुप प्रो सिंह शुक्रवार शाम को बांसवाड़ा पहुंचे। उन्होंने जीजीटीयू के कुलपति प्रो. आईवी त्रिवेदी से मुलाकात की एवं शनिवार सुबह आपसी चर्चा के बाद आधिकारिक तौर पर इस एमओयू को अंतिम रुप दिया। इसके तहत फार्मेसी, केमिस्ट्री, फिजिक्स एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग स्थापित करने एवं उसे विकसित करने के लिए सुखाडिया विश्वविद्यालय पूरा सहयोग करेगा। इसके साथ ही छात्र कल्याण एवं शिक्षकों का आपसी संवाद कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से शुरु किया जाएगा। दोनों विश्वविद्यालय शिक्षण एवं शोध गतिविधियों में भागीदार रहेंगे। स्किलफुल शिक्षा के पाठ्यक्रमों का मिल कर विकास करेंगे। दोनों विवि. अकादमिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सहयोग करेंगे। कम अवधि के पाठ्यक्रम (शार्ट टर्म) बनाए जाएंगे एवं संचालित किए जाएंगे। शिक्षण सामग्री के निर्माण, विकास एवं संसाधनों का आपस में इस्तेमाल करेंगे। शिक्षक, छात्र एवं शोधार्थियों का आपसी संवाद करवाय जाएगा और शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता में विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम मिलकर चलाये जाएंगे। इस अवसर पर अवसर प्रो अमेरिका सिंह ने कहा कि पहले जीजीटीयू का क्षेत्र सुखाडिया विवि. का ही भाग रहा है और बाद में पूर्ण यूनिवर्सिटी का दर्जा प्राप्त हुआ इसलिए इसके विकास एवं इसको व्यापक फलक देने के लिए हम हर संभव कोशिश करेंगे एवं सहयोग भी करेंगे। जीजीटीयू के कुलपति प्रो आई वी त्रिवेदी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है जब मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ने आगे आकर सहयोग का हाथ बढ़ाया है।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय एवं गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के बीच शिक्षण, शोध एवं छात्र कल्याण से संबंधित गतिविधियों के समन्वित प्रयास के लिए दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह एवं प्रो. आईवी त्रिवेदी ने बांसवाड़ा में एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दो छात्रों का चयन

उदयपुर,(कासं)। विश्व प्रकृति निधि भारत की ओर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित डिजीटल वाइल्ड विजडम क्विज प्रतियोगिता में उदयपुर को दोहरी उपलब्धि हासिल हुई है। प्रतियोगिता में उदयपुर के सेंट एन्थोनिज विद्यालय के दो विद्यार्थियों अर्हम जैन एवं प्रियांश जैन का चयन हुआ है जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। सेंट एन्थोनिज विद्यालय के क्विज प्रभारी जगदीश पालीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में भारत, कोलंबिया, पैराग्वे, नेपाल एवं हॉन्ग-कॉन्ग के दो-दो विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतियोगिता 16 दिसंबर को भारतीय समयानुसार सांय 5 बजे आयोजित होगी। विश्व प्रकृति निधि उदयपुर संभाग के प्रभारी अधिकारी अरूण सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता में 'री-इमेजनींग आवर प्लानेट थीम' पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

इस बार गौशालाएं प्रत्यक्ष मनाएंगी 'गोपाष्टमी उत्सव'

उदयपुर,(कासं)। भगवान कृष्ण जी ने स्वयं गौमाता की सेवा हेतु इस धरा धाम पर अवतार लेकर गोपाष्टमी के दिन ही प्रथम गौचारण किया इसलिए केवल सन्देशो का आदान प्रदान करते हुए ही इस उत्सव को न मनाकर स्वयं गौमाता की प्रत्यक्ष सेवा कर इस उत्सव की सार्थकता व महत्व को प्रकट करने हेतु जय गोपाल गौशाला मीराश्रम, 'श्री गोकुल गौशाला' संस्थान ट्रस्ट ,विजनवास मावली एवं 'शिवशंकर गौशाला' पाराखेत, कलड़वास द्वारा 22 नवम्बर को गौभक्तों के सानिध्य में अलग अलग समय पर गोपाष्टमी उत्सव मनाया जा रहा है। 'जयगोपाल गौशाला' के संयोजक अरुण सिंह ने बताया कि दोपहर 12 से 2 बजे तक मीराश्रम में होने वाले इस उत्सव में सभी भक्तों के लिए गौदर्शन पूजन एवं सेवा ,आरती का आयोजन किया जा रहा है जहां कृष्णभक्त कृष्ण वेशभूषा में बालकों के साथ गौमाता का आशिर्वाद लेने के लिए आमंत्रित है। श्री गोकुल गौशाला संस्था ट्रस्ट विजनवास, मावली, लव गुरु गौ माता ग्रुप व सभी गौभक्तों के सानिध्य में गौमाता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

गीतांजली में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह सम्पन्न

उदयपुर,(कासं)। गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, गीतांजली विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा 17 से 21 नवंबर तक 'फार्मासिस्ट: फ्रंटलाइन हेल्थ प्रोफेशनल्स' विषय पर 59वां राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह (एनपीडब्ल्यू)-2020 मनाया जिसका समापन शनिवार को हुआ। इसमें पूरे भारत के रिसर्च स्कॉलर्स, संकायों और विभिन्न राज्यों के छात्रों सहित वेबिनार की श्रृंखला में हर दिन 500 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन फर्मास्यूटिकल एसोसिएशन प्रोफेसर (डॉ) टी.वी. नारायणा, विशेष अतिथि क्यूबीडी इंटरनेशनल एवं एडवाइजर यूनाइटेड नेशन एमपीपी जिनेवा रणजीत बर्शिकर रहे, कार्यक्रम का संयोजन गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. एम.एस. राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर डॉ. उदीची कटारिया, डॉ. कल्पेश गौर, डॉ. विरेन्द्र सिंह रहे। समारोह का उद्घाटन एआईएसएफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मोगा, पंजाब के निदेशक सह प्राचार्य प्रो (डीआर) जी डी गुप्ता ने किया और आमंत्रित अतिथि आईक्यूविया के ग्लोबल फार्माकोविजिलेंस के वरिष्ठ सुरक्षा प्रबंधक डॉ रोहित सिंघल ने किया। गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में 59वें एनपीडब्ल्यू की समन्वयक डॉ उदिती कटारिया ने अतिथियों को ऑनलाइन दर्शकों से मिलवाया। उद्घाटन समारोह के बाद, मैसूर के फारुखिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद सलाहुद्दीन ने फार्मासिस्ट: फ्रंटलाइन हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स द्वारा एनपीडब्ल्यू-2020 का जश्न मनाने के लिए प्रदान की गई विषय पर अपनी विशेषज्ञता ज्ञान साझा किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के प्रो (डीआर) हरीश दुरेजा ने अपनी बात में फार्मासिस्टों की भूमिका को हेल्थकेयर वॉरियर्स के रूप में समझाया। स्वास्थ्य शिक्षा में फार्मासिस्ट की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया प्रो (डीआर) जी डी गुप्ता, निदेशक-सह-प्रिंसिपल, आईएसएफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मोगा, पंजाब द्वारा स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए तथ्यों और चुनौतियों को जानकर चकित थे। श्री अतुल कुमार नासा, उप औषधि नियंत्रक और कार्यालय के प्रमुख, ड्रग्स नियंत्रण विभाग, दिल्ली ने पर्चे नशीली दवाओं के दुरुपयोग को पहचानने और रोकने में फार्मासिस्टों की भूमिका पर व्याख्यान दिया। प्रो (डॉ) आशीष बाल्दी, महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी, बठिंडा, पंजाब ने एनपीडब्ल्यू-2020 के क्राफ्टिंग क्वालिटी फार्मा प्रोफेशनल्स-चुनौतियों और रेमेडी पर अपने एक्सपर्ट सब्जेक्ट नॉलेज के साथ प्रबुद्ध किया। कार्यक्रम के दौरान गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ऑनलाइन पोस्टर, निबंध, कार्ड मेकिंग, वीडियो मेकिंग, व्हाट्स ऐप कोट्स इत्यादि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमे कि फार्मा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उदयपुर में गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, गीतांजली विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा 'फार्मासिस्ट: फ्रंटलाइन हेल्थ प्रोफेशनल्स' विषय पर 59वां राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह (एनपीडब्ल्यू)-2020 मनाया जिसका समापन ऑनलाईन सम्पन्न हुआ।

उदयपुर जिले में शनिवार को 82 संक्रमित मिले

- कोरोना वॉरियर्स में प्रतापनगर थानाधिकारी सहित छह पॉजीटिव

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर जिले में संक्रमितों के बढ़ रहे ग्राफ के बीच अधिकांश संक्रमित शहरी क्षेत्र से मिल रहे है। त्यौहारी सीजन के बाद बढ़ रहे संक्रमितों में 70 प्रतिशत संक्रमित शहरी क्षेत्र से मिले है। शनिवार को 82 संक्रमित मिले इनमें 69 शहरी क्षेत्र से है। संक्रमितों में शामिल छह कोरोना वॉरियर्स में प्रतापनगर थानाधिकारी, चार चिकित्सक व एक नर्सिंग स्टाफ शामिल है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि आज प्राप्त 1032 सैम्पल जांच रिपोर्ट में 950 नेगेटिव व 82 पॉजीटिव मिले है। आज शहरी क्षेत्र के 69 संक्रमितों में 6 कोरोना वॉरियर्स, 25 क्लॉज कांटेक्ट व 38 नए संक्रमित है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 13 संक्रमितों में से 2 क्लॉज कांटेक्ट व 11 नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 8144 हो गया है। अब तक 7498 लोग डिस्चार्ज हो चुके है। एक्टिव केसेस 563 व होम आइसोलेशन में 449 है। त्यौहारी सीजन के बाद जो संक्रमित सामने आ रहे है उनमें अधिकांशत: शहरी क्षेत्र से है। शुक्रवार को मिले 145 संक्रमितों में से 100 संक्रमित शहरी क्षेत्र के थे वहीं आज 82 में से 69 शहरी क्षेत्र के है। कोविड प्रभारी डॉ. शंकर एच बामनिया ने बताया कि 6 कोरोना वॉरियर्स में चार चिकित्सक, एक नर्सिंग स्टाफ व प्रतापनगर थानाधिकारी शामिल है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से मिले संक्रमित खारवा फला बलीचा, अशोकनगर, जावरमाइंस, साइफन कॉलोनी बेदला, नवरत्न कंपलेक्स, छानी खेरवाडा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मीरा नगर भुवाणा, पानेरियों की बडी सायफन चौराहा , तहसील रोड खेरवाडा, हिंदुस्तान जिंक लि. देबारी, शिवनगर गारियावास, सवीना मेन रोड, शाही कॉम्प्लेक्स गवरी चौक से. 11, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से. 14, जवाहर जैन स्कूल के पास से. 13, एलबी नगर प्रताप नगर, न्यू केशव नगर, आई ब्लॉक से. 14, इंदिरा नगर सुंदरवास, शांति नगर रूप्सागर रोड़ से मिले है।

सार-समाचार

ऑनलाईन मेगजिन 'पीटारा' का शुभारंभ

उदयपुर,(कासं)। महिलाओं उद्यमियों को अपने व्यवसाय के प्रचार-प्रसार हेतु काफी समय से एक ऑनलाईन प्लेटफार्म की आवश्यकता थी, जहां वो सहज होकर अपने कार्य को दुनिया के सामने ला सके एवं इस जरूरत को पूरा करते हुए जैनब मगर ने एक ऐसी मेगजिन की परिकल्पना की, जिसमें कोई भी आम इंसान अपने व्यवसाय या हुनर को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दे सके। जिसकी पहचान में अपने पहले संस्करण में जैनब ने केवल महिलाओं को नि:शुल्क रूप से अपनी मेगजिन में स्थान दिया, जहां शहर में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं यथा लेखन, कला, संगीत, व्यवसाय आदि का प्रदर्शन करते हुए, अपने सेवाकार्य आदि को आमजन के सामने प्रस्तुत किया। ऑनलाईन मेगजिन का शुभारम्भ लाडो केयर सोसायटी की विदुषी यादव ने किया। कार्यक्रम के सन्दर्भ में विदुषी यादव ने कच्ची बस्तीयों में जाकर जरूरतमन्द महिलाओं को लाडो केयर सोसायटी द्वारा उत्कृष्ट श्रेणी के सेनेटरी पेड वितरण किये। कोरोना गाईडलाईन का पालन करते हुए अंकीत जैन, ओम श्रीमाली, विक्रमसिंह तंवर, ईश्वरगिरी गोस्वामी, हीरालाल जोशी आदि उपस्थित रहे।

'ज्ञानार्जन की कोई उम्र या सीमा नहीं'

उदयपुर,(कासं)। हिन्दुस्तान जिंक्र द्वारा अपने कार्यरत अधिकारियों को वर्तमान समय के अनुसार ज्ञान अर्जन, कौशल विकास और कार्य करने के दौरान उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए वर्क इंटीग्रेटेड लर्निंग प्रोग्राम की शुरूआत की है। यह दो वर्ष का कार्यक्रम बिट्स पिलानी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के वर्चुअल शुभारंभ के अवसर पर चीफ ह्यूमन ऑफिसर हिन्दुस्तान जिंक्र कविता सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यक्रम में ज्ञानार्जन की कोई उम्र या सीमा नहीं है, अर्जित किए ज्ञान को कार्यस्थल पर कुशलता से लागू करें, ताकि व्यक्ति गुणवत्ता और कार्य के प्रति हमारी समझ में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद जीवन में और अधिक अनुशासन की आवश्यकता होगी। इसे सभी को सुअवसर के रूप में लेकर अमल में लाना होगा ताकि इसे सफलता में बदला जा सके। निदेशक, ऑफ कैम्पस प्रोग्राम एण्ड इण्डस्ट्री मैनेजमेंट बिट्स पिलानी, प्रो.जी सुदंर ने इस अवसर पर कहा कि एक बार फिर से विद्यार्थी बनकर आपके पास शिक्षा अर्जन का सुअवसर आया है जिसे पूर्ण समर्पण से पूरा करना आवश्यक है। औपचारिक शुरूआत में हेड लर्निंग एण्ड स्कील डेवलपमेंट रवि गुप्ता ने बताया कि डब्ल्यूआईएलपी के अंतर्गत एमबीए फाईनेन्स में 26, बिजनेस एनलिटिक्स में 55 अधिकारी इसमें प्रशिक्षित होगें। ज्ञातव्य है कि जुलाई 2020 में हिन्दुस्तान जिंक्र ने डब्ल्यूआईएलपी के अंतर्गत अपने 37 अधिकारियों को आईआईएम उदयपुर से उच्च शिक्षा हेतु दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस एडमिनिसटेशन का अवसर प्रदान किया जा चुका है। इस कार्यक्रम में डीन बिट्स पिलानी प्रो. गुरूनारायण, ग्रुपलीड फॉर मैनेजमेंट प्रोग्राम प्रो. कृष्णा मुर्ति, प्रों गौरव नागपाल, गौरव गाबा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

शराब भट्टी व दो हजार लीटर वाश नष्ट

उदयपुर,(कासं)। शहर के सवीना थाना पुलिस ने डाकन कोटड़ा क्षैत्र में पहाड़ियों में दबीश देकर अवैध शराब की भट्टी तथा दो हजार लीटर वाश नष्ट की। इस दौरान पन्द्रह लीटर अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर सवीना थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस पूजा नागर के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल सुनील विश्नोई, हेडकांस्टेबल महेन्द्रसिंह, कांस्टेबल राजकमल, बलवानसिंह, चालक कृष्ण कुमार मय टीम ने सवीना थाना क्षैत्र डाकन कोटड़ा गांव के आर्याफला क्षैत्र की पहाड़ियों की तरफ पहुंचे। जहां पर पुलिस दल ने दबीश देकर देशी शराब बनाने में उपयोग होने वाली भट्टी एवं मौके पर प्लास्टिक के जरिकेन में भरे करीब दो हजार लीटर वाश को नष्ट किया । इस दौरान पन्द्रह लीटर शराब जब्त कर देवाली गोवर्धन विलास निवासी रूपा पुत्र भेरा, सुरफला गोवर्धनविलस निवासी शंकरलाल पुत्र देवजी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया।

हथियार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**उ